**Q1.** भारत के विशेष सन्दर्भ में मानव विकास सूचकांक (एच डी आई) तथा असमानता-समायोजित मानव विकास सूचकांक (आई एच डी आई) में भेद कीजिए। आई एच डी आई को समावेशी संवृद्धि का एक बेहतर सूचक क्यों समझा जाता है ?

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Distinguish between the Human Development Index (HDI) and the Inequality-adjusted Human Development Index (IHDI) with special reference to India. Why is the IHDI considered a better indicator of inclusive growth ? *10*

(Answer in 150 words)

**Q2.** भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष वे कौन-सी चुनौतियाँ हैं जब विश्व स्वतंत्र व्यापार तथा बहुपक्षीयता से दूर होकर संरक्षणवाद तथा द्विपक्षीयता की ओर बढ़ रहा है। इन चुनौतियों का सामना किस तरह किया जा सकता है ?

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

What are the challenges before the Indian economy when the world is moving away from free trade and multilateralism to protectionism and bilateralism ? How can these challenges be met ? *10*

(Answer in 150 words)

**Q3.** भारत में किसानों द्वारा उच्च मूल्य वाली फसलों के चयन के निर्णय को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए।

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Explain the factors influencing the decision of the farmers on the selection of high value crops in India. *10*

(Answer in 150 words)

**Q4.** भारत में कृषि वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के क्षेत्र तथा महत्त्व की विस्तार से व्याख्या कीजिए।

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Elaborate the scope and significance of supply chain management of agricultural commodities in India. *10*

(Answer in 150 words)

**Q5.** भारत में संलयन ऊर्जा कार्यक्रम का पिछले कुछ दशकों में निरंतर क्रमिक-विकास हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय संलयन ऊर्जा परियोजना – अंतर्राष्ट्रीय तापनाभिकीय प्रायोगिक रिएक्टर (आई टी ई आर) में भारत के योगदान का उल्लेख कीजिए। वैश्विक ऊर्जा के भविष्य के लिए इस परियोजना की सफलता के क्या निहितार्थ होंगे ?

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

The fusion energy programme in India has steadily evolved over the past few decades. Mention India's contributions to the international fusion energy project – International Thermonuclear Experimental Reactor (ITER). What will be the implications of the success of this project for the future of global energy ? *10*

(Answer in 150 words)

**Q6.** भारत, वर्ष 2047 तक स्वच्छ प्रौद्योगिकी के माध्यम से ऊर्जा स्वतंत्रता कैसे प्राप्त कर सकता है ? जैव-प्रौद्योगिकी इस प्रयास में किस प्रकार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है ?

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

How can India achieve energy independence through clean technology by 2047 ? How can biotechnology can play a crucial role in this endeavour ? *10*

(Answer in 150 words)

**Q7.** कार्बन अवशोषण (कैप्चर), उपयोग तथा भंडारण (सी सी यू एस) से क्या आशय है ? जलवायु परिवर्तन से निपटने में सी सी यू एस की संभावित भूमिका क्या है ?

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

What is Carbon Capture, Utilization and Storage (CCUS) ? What is the potential role of CCUS in tackling climate change ? *10*

(Answer in 150 words)

**Q8.** भारत में तटीय जलभृत में समुद्री जल घुसपैठ एक मुख्य चिंता का विषय है। समुद्री जल घुसपैठ के क्या कारण हैं तथा ऐसी आपदा का सामना करने के उपचारात्मक उपाय क्या हैं ?

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Seawater intrusion in the coastal aquifers is a major concern in India. What are the causes of seawater intrusion and the remedial measures to combat this hazard ? *10*

(Answer in 150 words)

**Q9.** आतंकवाद एक वैश्विक महाविपत्ति है। यह भारत में किस रूप में प्रकट हुआ है ? समसामयिक उदाहरणों से व्याख्या कीजिए। राज्य द्वारा कौन-से जवाबी उपाय अपनाए गए हैं ? समझाइए।

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Terrorism is a global scourge. How has it manifested in India ? Elaborate with contemporary examples. What are the counter measures adopted by the State ? Explain. *10*

(Answer in 150 words)

**Q10.** भारत सरकार ने हाल ही में घोषणा की है कि वामपंथी उग्रवाद (एल डब्ल्यू ई) 2026 तक समाप्त कर दिया जाएगा। आप एल डब्ल्यू ई से क्या समझते हैं तथा जनता इससे किस प्रकार प्रभावित है ? एल डब्ल्यू ई को समाप्त करने के लिए सरकार ने क्या उपाय किए हैं ?

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

The Government of India recently stated that Left Wing Extremism (LWE) will be eliminated by 2026. What do you understand by LWE and how are the people affected by it ? What measures have been taken by the government to eliminate LWE ? *10*

(Answer in 150 words)

**Q11.** समझाइए कि किस प्रकार राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (एफ एच आई) भारत में राज्यों के राजकोषीय प्रदर्शन के आकलन के उपकरण के रूप में प्रयोग किया जा सकता है । किस प्रकार यह राज्यों को विवेकपूर्ण तथा संपोषणीय राजकोषीय नीतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा ?

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Explain how the Fiscal Health Index (FHI) can be used as a tool for assessing the fiscal performance of states in India. In what way would it encourage the states to adopt prudent and sustainable fiscal policies ? 15

(Answer in 250 words)

**Q12.** उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पी एल आई) योजना के तर्काधार की विवेचना कीजिए । इसकी क्या उपलब्धियाँ हैं ? किस प्रकार इस योजना की कार्य-पद्धति तथा परिणामों में सुधार किया जा सकता है ?

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Discuss the rationale of the Production Linked Incentive (PLI) scheme. What are its achievements ? In what way can the functioning and outcomes of the scheme be improved ? 15

(Answer in 250 words)

**Q13.** भारत में घटते भूजल के लिए उत्तरदायी कारकों का परीक्षण कीजिए । भूजल में ऐसी क्षीणता को कम करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं ?

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Examine the factors responsible for depleting groundwater in India. What are the steps taken by the government to mitigate such depletion of groundwater ? 15

(Answer in 250 words)

**Q14.** भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विस्तार का परीक्षण कीजिए । खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में रोजगार अवसरों को सृजित करने हेतु, सरकार द्वारा किए गए उपायों का विस्तार से उल्लेख कीजिए ।

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Examine the scope of the food processing industries in India. Elaborate the measures taken by the government in the food processing industries for generating employment opportunities. 15

(Answer in 250 words)

**Q15.** नैनो-प्रौद्योगिकी कृषि के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उन्नति कैसे प्रदान करती है ? यह प्रौद्योगिकी कैसे किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति के उत्थान में सहायक हो सकती है ?

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

How does nanotechnology offer significant advancements in the field of agriculture ? How can this technology help to uplift the socio-economic status of farmers ? 15

(Answer in 250 words)

**Q16.** भारत ने एक सेमिकंडक्टर विनिर्माण केन्द्र बनने का लक्ष्य रखा है। भारत में सेमिकंडक्टर उद्योग के सामने क्या चुनौतियाँ हैं ? भारत सेमिकंडक्टर मिशन की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

India aims to become a semiconductor manufacturing hub. What are the challenges faced by the semiconductor industry in India ? Mention the salient features of the India Semiconductor Mission. *15*

(Answer in 250 words)

**Q17.** खनिज संसाधन देश की अर्थव्यवस्था के लिए आधारभूत हैं तथा इनका खनन द्वारा शोषण होता है। खनन को पर्यावरणीय आपदा क्यों समझा जाता है ? खनन द्वारा पैदा होने वाली पर्यावरणीय आपदा को कम करने हेतु आवश्यक उपचारात्मक उपायों की व्याख्या कीजिए।

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Mineral resources are fundamental to the country's economy and these are exploited by mining. Why is mining considered an environmental hazard ? Explain the remedial measures required to reduce the environmental hazard due to mining. *15*

(Answer in 250 words)

**Q18.** पेरिस समझौता (2015) के अंतर्गत, भारत की जलवायु वचनबद्धताओं पर समीक्षा लिखिए तथा बताइए कि उन्हें किस प्रकार कॉप26 (2021) में और अधिक दृढ़ता प्रदान की गई है। इस दिशा में, किस प्रकार पहली बार भारत द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान को 2022 में अद्यतन किया गया है ?

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Write a review on India's climate commitments under the Paris Agreement (2015) and mention how these have been further strengthened in COP26 (2021). In this direction, how has the first Nationally Determined Contribution intended by India been updated in 2022 ? *15*

(Answer in 250 words)

**Q19.** उत्तर-पूर्वी राज्यों में आन्तरिक सुरक्षा एवं शांति प्रक्रिया में कौन-सी प्रमुख चुनौतियाँ हैं ? विगत एक दशक में सरकार द्वारा किए गए विभिन्न सहमति-पत्रों तथा शांति समझौतों के रूप में ली गई पहलों का खाका खींचिए।

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

What are the major challenges to internal security and peace process in the North-Eastern States ? Map the various peace accords and agreements initiated by the government in the past decade. *15*

(Answer in 250 words)

**Q20.** भारत के समुद्री व्यापार के संरक्षण के लिए समुद्री सुरक्षा क्यों अत्यावश्यक है ? समुद्री तथा तटीय सुरक्षा की चुनौतियों तथा आगे बढ़ने के मार्ग पर चर्चा कीजिए।

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Why is maritime security vital to protect India's sea trade ? Discuss maritime and coastal security challenges and the way forward. *15*

(Answer in 250 words)